(निविदा प्रपत्र का मूल्य – रु0 500/–)

टेण्डर डाक्यूमेन्ट संख्या – **D.H./2024-25/559**

# निविदा प्रपत्र

दिल्ली हाट, नई दिल्ली
में 15 जनवरी, 2025 – 31 जनवरी, 2025
एवं 01 फरवरी 2025 से 15 फरवरी 2025
के दौरान उत्कृष्ट ओडीओपी उत्पादों/हस्तशिल्पों
की प्रदर्शनी एवं बिक्री हेतु क्रमशः
25 स्टॉल एवं 95 स्टॉल के आवंटन के लिए
एजेन्सी के चयन हेतु
अति अल्पकालीन निविदाओं का आमंत्रण

निविदा प्रस्ताव आमंत्रण की तिथि :– दिनांक 04.01.2025
निविदा प्रस्ताव जमा करने की
अन्तिम तिथि – 08 जनवरी 2025
अपरान्ह – 05.00 बजे तक

निविदा प्रपत्र प्राप्त एवं जमा करने का पता


उत्तर प्रदेश हस्तशिल्प विकास एवं विपणन निगम लिमिटेड
ओ0डी0ओ0पी0 मार्केटिंग एण्ड ब्राण्डिंग फैसिलिटेशन सेन्टर
(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)
निर्यात भवन, भू–तल, 8 कैण्ट रोड, कैसरबाग, लखनऊ 226001
ई–मेल : uphdmcho@gmail.com
सम्पर्क सूत्र – 8299298779

## दिल्ली हाट, नई दिल्ली में 15 जनवरी, 2025 से 31 जनवरी, 2025 एवं 01 फरवरी 2025 से 15 फरवरी 2025 के दौरान उत्कृष्ट ओडीओपी उत्पादों/हस्तशिल्पों की प्रदर्शनी एवं बिक्री हेतु क्रमशः 25 स्टॉल एवं 95 स्टॉल के आवंटन के लिए एजेन्सी के चयन हेतु अति अल्पकालीन निविदाओं का आमंत्रण

दिल्ली हाट, नई दिल्ली भारत की विविध सांस्कृतिक और वाणिज्यिक धरोहर का एक जीवंत केन्द्र है। यह एक खुले बाजार के रूप में पारम्परिक ग्रामीण शैली में डिजाइन किया गया है। मार्केट और मेट्रो स्टेशन के निकट स्थित होने के कारण, दिल्ली हाट स्थानीय लोगों और पर्यटकों दोनों के लिए एक सुविधाजनक और आकर्षक गंतव्य बनता है। यहां पूरे देश के कारीगर और शिल्पकार अपने हस्तशिल्प, हाथ से बने वस्त्र, आभूषण, मिट्टी के बर्तन और पारंपरिक कला रूपों को प्रदर्शित करते और बेचते हैं।

दिल्ली हाट परिसर में दिनांक 16.01.2025 से 31.01.2025 एवं 01 फरवरी 2025 से 15 फरवरी 2025 के मध्य, प्रदेश के उत्कृष्ट ओडीओपी उत्पादों/हस्तशिल्पों के प्रदर्शन एवं विक्रय हेतु उ0 प्र0 हस्तशिल्प विकास एवं विपणन निगम लि0 (यू0पी0एच0डी0एम0सी0) को क्रमशः 25 स्टॉल एवं 95 स्टॉल आवंटित किये गये है।

आयोजन से संबंधित प्रमुख विवरण निम्नवत हैः—

1. क्रियान्वयन संस्था :— उ0प्र0 हस्तशिल्प विकास एवं विपणन निगम लिमिटेड, निर्यात भवन, भूतल, 8—कैण्ट रोड, केसरबाग,लखनऊ।
2. कार्यक्रम स्थल :— दिल्ली हाट, नई दिल्ली
3. कार्यक्रम अवधि :— दिनांक 16.01.2025 से 31.01.2025 एवं 01 फरवरी 2025 से 15 फरवरी 2025 तक।
4. निविदा प्रस्ताव आमंत्रण की तिथि :— दिनांक 04.01.2025
5. निविदा प्रस्ताव उपलब्ध कराने की अन्तिम तिथिः— दिनांक 08.01.2025, समय 05.00 बजे तक।
6. निविदा प्रस्ताव प्रेषण का पताः— प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 हस्तशिल्प विकास एवं विपणन निगम लिमिटेड, निर्यात भवन, भूतल, 8—कैण्ट रोड, केसरबाग, लखनऊ—226001।

**— निविदा के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों तथा नियम व शर्तें संलग्न हैं।**

आज्ञा से,

प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 हस्तशिल्प विकास एवं विपणन निगम लिमिटेड,
निर्यात भवन, भू—तल, 8—कैण्ट रोड, केसरबाग,लखनऊ।

# निविदा प्रस्ताव

दिल्ली हाट परिसर में दिनांक 16.01.2025 से 31.01.2025 एवं 01 फरवरी 2025 से 15 फरवरी 2025 के मध्य, प्रदेश के उत्कृष्ट ओडीओपी उत्पादों/हस्तशिल्पों के प्रदर्शन एवं विक्रय हेतु उ0 प्र0 हस्तशिल्प विकास एवं विपणन निगम लि0 (यू0पी0एच0डी0एम0सी0) को क्रमशः 25 स्टॉल एवं 95 स्टॉल आवंटित किये गये है।

इस प्रकार दिनांक 16.01.2025 से 31.01.2025 एवं 01 फरवरी 2025 से 15 फरवरी 2025 के मध्य आवंटित किये गये क्रमशः 25 स्टालों एवं 95 स्टॉलों में हस्तशिल्पियों को अपने ओडीओपी उत्पादों/हस्तशिल्पों के प्रदर्शन एवं विक्रय का अवसर प्रदान किया जायेगा।

## निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्तें

1. निविदा प्रपत्र का मूल्य धनराशि रु0 500/– है, जिसका भुगतान निगम कार्यालय में नगद करते हुए निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाईट (www.uphdmc.in) के माध्यम से डाउनलोड किये जाने की स्थिति में निविदा प्रपत्र के साथ निविदा प्रपत्र के मूल्य से सम्बन्धित धनराशि उत्तर प्रदेश हस्तशिल्प विकास एंव विपणन निगम लि0, लखनऊ (U.P Handicrafts Development and Marketing Corporation Ltd.) के पक्ष में देय Demand Draft के माध्यम से अथवा निगम के खाता संख्या 015102000008761, IFSC Code– IBKL0000015 में NEFT/RTGS के माध्यम से जमा करनी होगी।
2. निविदादाता इकाई को अर्नेस्ट मनी डिपाजिट के रूप में रु0 11,000.00/– (रु0 ग्यारह हजार मात्र) की धनराशि उत्तर प्रदेश हस्तशिल्प विकास एवं विपणन निगम लि0, लखनऊ के पक्ष में Demand Draft के माध्यम से अथवा निगम के खाता संख्या 015102000008761, IFSC Code – IBKL0000015 में NEFT/RTGS के माध्यम से जमा करनी होगी।
3. निविदादाता फर्म को अपने निविदा प्रस्ताव के साथ संलग्न प्रारुप 01 पर फर्म से संबंधित विवरण, प्रारुप–02 पर तकनीकी अर्हता से संबंधित विवरण तथा प्रारुप–03 पर अपना वित्तीय प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा।
4. **योग्यता/पात्रता मापदण्डः–**

i. किसी राज्य सरकार, केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के किसी प्रतिष्ठान/अभिकरण के द्वारा कभी भी ब्लैक लिस्टेड नहीं किया गया हो। इकाई को लेटर हेड पर सर्टिफिकेट उपलब्ध कराना होगा।

ii. निविदादाता को न तो कभी दिवालिया और न ही ऋण चुकाने में अक्षम घोषित किया गया हो। इकाई को लेटर हेड पर सर्टिफिकेट उपलब्ध कराना होगा।

iii. निविदादाता के विरूद्ध किसी आपराधिक मामले में सिद्ध दोष घोषित नहीं किया गया है। इकाई को लेटर हेड पर सर्टिफिकेट उपलब्ध कराना होगा।

iv. निविदादाता इकाई के पास केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/अर्द्ध सरकारी संस्थाओं द्वारा आयोजित इस प्रकार के आयोजनों में सफलतापूर्वक कार्य करने का अनुभव होना चाहिए, तथा इकाई को इस प्रकार के आयोजनों का विवरण लेटर हेड पर उपलब्ध कराना होगा।

5. <u>बिड का मूल्यांकन निम्न प्रकार होगाः–</u>

| क्रम सं0 | विवरण | मार्कस |
|---|---|---|
| 1 | निविदादाता इकाई के पास केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/अर्द्ध सरकारी संस्थाओं द्वारा आयोजित इस प्रकार के आयोजनों में सफलतापूर्वक कार्य करने का अनुभव होना चाहिए, तथा इकाई को इस प्रकार के आयोजनों का विवरण लेटर हेड पर उपलब्ध कराना होगा। | 30 |
| 2 | प्रजेन्टेशन | 40 |
| 3 | <u>वित्तीय प्रस्ताव</u><br>1. बिड के न्यूनतम मूल्य से सर्वाधिक बोली लगाने वाले निविदादाता को (एच–1) | 30 |
| | 2. एच–2 निविदादाता को | 25 |
| | 3. एच–3 निविदादाता को | 20 |
| | 4. एच–4, एच–5 and so on. | 15 |

<u>नोटः–</u> **बिड का न्यूनतम मूल्य रू0 21,88,900.00 (इक्कीस लाख अठ्ठासी हजार नौ सौ मात्र) है।**

6. प्रस्ताव, सभी आवश्यक दस्तावेजों, उपक्रमों, फर्म के पंजीकरण, कार्यप्रणाली, समान प्रकार के संचालन में अनुभव का समर्थन, कार्य, उपलब्ध संसाधन आदि के साथ एवं बंद लिफाफे में प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश हस्तशिल्प विकास एंव विपणन निगम लि0 को संबोधित करते हुए निम्नलिखित तरीके से विलम्बतम अपरान्ह 05.00 बजे दिनांक 08.01.2025 तक लखनऊ कार्यालय – ''प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश हस्तशिल्प विकास एंव विपणन निगम लि0, निर्यात भवन, भूतल, 8 कैण्ट रोड, कैसरबाग, लखनऊ – 226001'' पर उपलब्ध कराये जा सकेंगे। विलम्ब से प्राप्त होने वाले प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जायेगा।
7. प्रस्ताव वाले मुख्य लिफाफे के ऊपर ''**दिल्ली हाट, नई दिल्ली में स्टॉल के आवंटन हेतु प्रस्ताव**'' लिखा होगा।
8. मुख्य लिफाफे के अंदर दूसरे मुहरबंद लिफाफे में केवल ''BOQ'' और इसके ऊपर ''वित्तीय प्रस्ताव'' (Financial Bid) लिखा होगा।
9. बिड डालने की अन्तिम तिथि दिनांक 08.01.2025 को अपरान्ह 05.00 बजे तक होगी।
10. उक्त के अन्तर्गत प्राप्त निविदा प्रस्ताव निविदादाताओं के समक्ष दिनांक 08.01.2025 को 05.15 बजे खोली जायेंगी।
11. निविदादाता इकाई को प्रदर्शनी/स्टॉल आवंटन कार्य हेतु दक्ष स्टाफ का नाम एवं मोबाईल नम्बर सहित विवरण प्रस्तुत करना होगा। इकाई को आवश्यकतानुसार तथा मौके पर दिये गये निर्देशानुसार कार्य करना होगा।
12. सन्तोषजनक कार्य न किये जाने की स्थिति में इकाई को ब्लैक लिस्टेड भी किये जाने पर विचार किया जायेगा।

13. निविदा में मांगे गये समस्त दस्तावेजों के परीक्षण के उपरान्त ही चयनित इकाईयों का वित्तीय पत्र खोला जायेगा। उत्तर प्रदेश हस्तशिल्प विकास एंव विपणन निगम लि0 के प्रबन्ध निदेशक को यह अधिकार होगा कि बिना कारण बताये एक या समस्त निविदाओं को निरस्त कर सकते हैं।
14. मेले के दौरान परिस्थितिजन्य आवश्यकता के अनुरूप अन्य कार्य भी निविदादाता इकाई को करना होगा।

आज्ञा से,

प्रबन्ध निदेशक
उ0प्र0 हस्तशिल्प विकास एवं विपणन निगम लिमिटेड,
निर्यात भवन, भूतल, 8—कैण्ट रोड, कैसरबाग,
लखनऊ 226001

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 हस्तशिल्प विकास एवं विपणन निगम लिमिटेड,
निर्यात भवन, भूतल, 8—कैण्ट रोड, कैसरबाग,लखनऊ।

**विषयः— दिल्ली हाट हेतु निविदा प्रस्ताव।**

महोदय,

कृपया अपने निविदा सं0 D.H./2024-25/559, दिनांक 04 जनवरी, 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा दिल्ली हाट में उत्कृष्ट ओडीओपी उत्पादों/हस्तशिल्पों के प्रदर्शन एवं बिक्री हेतु 120 स्टॉल के आवंटन के लिए एजेन्सी के चयन हेतु निविदायें आमंत्रित की गयी हैं।

उक्तानुसार आमंत्रित निविदा प्रस्तावों के क्रम में मैं अपना निविदा प्रस्ताव इस पत्र के साथ संलग्न कर रहा हूँ।

संलग्नकों का विवरणः—

1. तकनीकी अर्हता विवरण/तकनीकी प्रस्ताव
2. वित्तीय भाव पत्र/वित्तीय प्रस्ताव।
3. पैन की प्रति।
4. अनुभव प्रमाण—पत्र (लैटर हेड पर)
5. निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं अर्नेसट मनी डिपॉजिट से सम्बन्धित जमा की गयी धनराशि से सम्बन्धित साक्ष्य।

भवदीय,

प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
संस्था/फर्म का नाम एवं
पदनाम व मुहर।

प्रारूप –01

दिल्ली हाट में उत्कृष्ट ओडीओपी उत्पादों/हस्तशिल्पों के प्रदर्शन एवं बिक्री हेतु 120 स्टॉल के आवंटन के लिए एजेन्सी के चयन हेतु

| क्र.सं. | वांछित विवरण | फर्म से सम्बन्धित विवरण |
|---|---|---|
| 1 | निविदादाता फर्म का नाम | |
| 2 | निविदादाता फर्म का पता | |
| 3 | निविदादाता फर्म की विधिक स्थिति (कम्पनी अधिनियम–2013, सोसाईटी अधिनियम 1960 के अधीन पंजीकृत संस्था, प्रोप्राइटरशिप/पार्टनरशिप फर्म/उद्यम रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट) आदि का उल्लेख करें (यदि है तो) | |
| 4 | निविदादाता फर्म का पैन नम्बर | |
| 5 | निविदादाता फर्म के मुख्य कार्यकारी का नाम, पता एवं मोबाईल नम्बर आदि | |
| 6 | निविदादाता फर्म की ओर से प्रस्ताव को प्रस्तुत करने, हस्ताक्षर करने व अन्य प्रयोजनों हेतु प्राधिकृत व्यक्ति का नाम, पता एवं मोबाईल नम्बर। | |

भवदीय,

प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
संस्था/फर्म का नाम एवं
पदनाम व मुहर।

प्रारूप–02

## दिल्ली हाट में उत्कृष्ट ओडीओपी उत्पादों/हस्तशिल्पों के प्रदर्शन एवं बिक्री हेतु 120 स्टॉल के आवंटन के लिए एजेन्सी के चयन हेतु

## निविदादाता की तकनीकी अर्हता से संबंधित विवरण

| क्रमांक | अनिवार्य तकनीकी अर्हता | निविदादाता फर्म की अर्हता सम्बन्धी विवरण |
|---|---|---|
| 1. | निविदादाता फर्म/संस्था का आयकर अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकरण अनिवार्य है। (PAN No. का उल्लेख करें) | |
| 2. | निविदादाता इकाई के पास केन्द सरकार/राज्य सरकार/अर्द्ध सरकारी संस्थाओं द्वारा आयोजित इस प्रकार के आयोजनों में सफलतापूर्वक कार्य करने का अनुभव होना चाहिए, तथा इकाई को इस प्रकार के आयोजनों का विवरण लेटर हेड पर उपलब्ध कराना होगा। | |
| 3. | i. किसी राज्य सरकार, केन्द्र सरकार अथवा राज्य/सरकार/केन्द्र सरकार के किसी प्रतिष्ठान/अभिकरण के द्वारा कभी भी ब्लैक लिस्टेड नहीं किया गया हो। इकाई को लेटर हेड पर सर्टिफिकेट उपलब्ध कराना होगा।<br>ii. निविदादाता को न तो कभी दिवालिया और न ही ऋण चुकाने में अक्षम घोषित किया गया हो। इकाई को लेटर हेड पर सर्टिफिकेट उपलब्ध कराना होगा।<br>ii. निविदादाता के विरूद्ध किसी आपराधिक मामले में सिद्ध दोष घोषित नहीं किया गया है। इकाई को लेटर हेड पर सर्टिफिकेट उपलब्ध कराना होगा। | |

नोटः– तकनीकी मूल्यांकन में अर्ह पाये जाने पर निविदादाताओं को उ0 प्र0 हस्तशिल्प विकास एवं विपणन निगम लि0, मुख्यालय लखनऊ में दिनांक 09.01.2025 को अपराहन 01:00 बजे प्रजेन्टेशन देना होगा।

भवदीय,

प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
संस्था/फर्म का नाम एवं
पदनाम व मुहर।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 हस्तशिल्प विकास एवं विपणन निगम लिमिटेड,
निर्यात भवन, भूतल, 8—कैण्ट रोड, कैसरबाग, लखनऊ।

**विषयः— तकनीकी प्रस्ताव।**

महोदय,

कृपया अपने पत्र संख्या D.H./2024-25/559, दिनांक 04 जनवरी, 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा दिल्ली हाट में उत्कृष्ट ओडीओपी उत्पादों/हस्तशिल्पों के प्रदर्शन एवं बिक्री हेतु 120 स्टॉल के आवंटन के लिए एजेन्सी के चयन हेतु निविदायें आमंत्रित की गयी हैं।

उक्त के क्रम में हमारी फर्म का तकनीकी प्रस्ताव प्रपत्र संख्या— संलग्नक— के अनुसार प्रस्तुत है। तकनीकी अहर्ता के सम्बन्ध में यथा वांछित अभिलेख संलग्न हैंः—

भवदीय,

प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
संस्था/फर्म का नाम एवं
पदनाम व मुहर।

प्रारूप–3

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 हस्तशिल्प विकास एवं विपणन निगम लिमिटेड,
निर्यात भवन, भूतल, 8–कैण्ट रोड, कैसरबाग,लखनऊ।

**विषयः– वित्तीय प्रस्ताव/वित्तीय भाव पत्र।**

महोदय,

कृपया अपने निविदा संख्या D.H./2024-25/559, दिनांक 04 जनवरी, 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा दिल्ली हाट में उत्कृष्ट ओडीओपी उत्पादों/हस्तशिल्पों के प्रदर्शन एवं बिक्री हेतु 120 स्टॉल के आवंटन के लिए एजेन्सी के चयन हेतु निविदायें आमंत्रित की गयी हैं।

उक्त के क्रम में हमारी फर्म का वित्तीय भाव पत्र निम्नानुसार है :–

धनराशि रु0 अंको में ..........................................................................................

धनराशि रु0 शब्दों में ..........................................................................................

भवदीय,

प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
संस्था/फर्म का नाम एवं
पदनाम व मुहर।